कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273
Accredited by NAAC with Grade "B"

दिनांक 14.09.2022

छुरिया महाविद्यालय में हिन्दी दिवस का आयोजन

आज दिनांक 14.09.2022 को शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के मार्गदर्शन एवं IQAC प्रभारी श्री विनय चौरे के दिशा निर्देशन में हिन्दी विभाग के तत्वाधान में हिन्दी दिवस का आयोजन रखा गया। हिन्दी दिवस का यह कार्यक्रम मुख्य रूप से संस्था की प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर पुजा अर्चन के साथ प्रारंभ किया गयां।

इस अवसर पर प्राचार्य महोदया डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमें अपनी मातृभाषा हिन्दी का सम्मान करना चाहिए एवं हम समस्त भारतियों को हिन्दी भाषा से गौरवान्वित होना चाहिए। उन्होनें भाषाओं की तुलना करते हुए आगे कहा कि हिन्दी हमारी सर्वश्रेष्ठ भाषा और राजकीय भाषा है। यह हमारी देश की पहचान है और हमारी पहचान है। जिस देश में भाषा का विकास नही होता है उस देश का विकास नही हो सकता। हिन्दी हमारे लिए भाषा ही नही है ये हमारे लिए मातृभाषा है। इनसे हम अपनी भावनाओं को सहज ही व्यक्त करते है। हम भारतियों के लिए हिन्दी हमारा गौरव है और कोई अन्य भाषा नही।

उदबोधन की कड़ी में श्री विनय चौरे सर ने कहा कि हिन्दी भाषा हमारी संस्कृति से चल रही है और हमें हमारी संस्कृति को नही भुलना चाहिए। पूरे भारत में हिन्दी दिवस 14 सितम्बर को मनाया जाता है। हिन्दी दिवस सिर्फ 14 सितम्बर को ही नही बल्कि प्रत्येक दिन मनाना चाहिए और तब तक मनाना चाहिए जब तक हिन्दी भाषा हृदय में पूरी तरह समाहित न हो जाए।

तत्पश्चात एम.ए. हिन्दी के छात्र, महेश्वर, उमेश कुमार, दीपक कुमार एवं ममता सिन्हा (बी.एस.सी. प्रथम) आदि ने हिन्दी दिवस पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का मंच संचालन महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता (हिन्दी) श्री चैतराम यादव द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एच.एस.भाटिया एवं समस्त सहायक प्राध्यापक गण श्री नरेन्द्र कुमार उमरिया, सुश्री प्रीतिबाला ठाकुर, एवं सभी अतिथि व्याख्याता, श्री गन्नू राम साहु, श्री गौरव तिवारी, श्री गैंदलाल सोनकर, सुश्री इंदिरा इन्दु एवं समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें।

डॉ. सुषमा चौरे (नेताम)
प्राचार्य